समाचार

# टी.एल.प्रकरणों, जनशिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण समयसीमा में सुनिश्चित करें – आयुक्त

## (आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारियों की बैठक लेकर टी.एल.प्रकरणों, जनशिकायतों, मुख्यमंत्री जनचौपाल, पृष्ठांकित पत्रों, पी.जी.एन. प्रकरणों आदि के निराकरण, की गई कार्यवाही व लंबित प्रकरणों की समीक्षा की)




कोरबा 02 सितम्बर 2025 – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा है कि टी.एल.प्रकरणों तथा जनशिकायतों से जुड़े मामलों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण निर्धारित समयसीमा के अंदर किया जाए तथा जनसेवाओं व नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यो का संपादन सर्व–प्राथमिकता के साथ हो, यह सुनिश्चित करें। उन्होने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रकरणों के निराकरण के प्रति उदासीनता एवं लेट–लतीफी पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदारी तय की जा कर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

आज आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में निगम के अधिकारियों की बैठक लेकर टी.एल.प्रकरणों, मुख्यमंत्री जनचौपाल, कलेक्टर जन चौपाल, पी.एम.ओ. से प्राप्त शिकायतों, पृष्ठांकित महत्वपूर्ण पत्रों, पी.जी.एन. प्रकरणों, जनशिकायतों आदि के निराकरण व उन पर की गई कार्यवाही तथा लंबित प्रकरणों की बिन्दुवार, विभागवार समीक्षा की। आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कलेक्टर टी.एल., मुख्यमंत्री जनचौपाल, निगम की टी.एल., पृष्ठांकित महत्वपूर्ण पत्रों, पी.जी.एम.प्रकरणों एवं अन्य सभी जनशिकायतों से संबंधित प्रकरणों का निर्धारित समयसीमा में संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराया जाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें साथ ही यह भी अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि जनसेवाओं व नागरिक सुविधाओं से जुड़े निगम के कार्य सर्व–प्राथमिकता के साथ संपादित कराए जाएं ताकि आमजन को मूलभूत जरूरतों की पूर्ति सुगमता के साथ होती रहे, उन्हें अनावश्यक परेशानी न हों। बैठक में आयुक्त श्री पाण्डेय ने निदान, राजस्व वसूली, पेयजल व्यवस्था, स्ट्रीट लाईट व्यवस्था सहित अन्य विभिन्न विषयों

व निगम से संबंधित सेवाओं व सुविधाओं पर किए जा रहे कार्यो की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए कार्यो में अपेक्षित कसावट लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**विकास व निर्माण कार्यो की समीक्षा**— बैठक के दौरान आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम द्वारा विभिन्न मदों के अंतर्गत किए जा रहे विकास कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा की। उन्होने जिला खनिज न्यास मद, अधोसंरचना मद, निगम मद, सांसद मद, प्रभारी मंत्री मद, सी.एस.आर.मद, विधायक, महापौर, पार्षद व एल्डरमेन मद, वित्त आयोग मद सहित अन्य विभिन्न मदों के तहत किए जाने वाले विकास व निर्माण कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यो में आवश्यक गति लाने के निर्देश दिए। उन्होने अभियंताओं से कहा कि विकास व निर्माण कार्यो के संपादन के दौरान कार्य की गुणवत्ता व कार्य में प्रयुक्त की जा रही सामग्री की क्वालिटी पर विशेष फोकस करें तथा यह सुनिश्चित करें कि कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से हों। उन्होने कहा कि कार्यो की गुणवत्ता व वर्क क्वालिटी के साथ किसी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। आयुक्त श्री पाण्डेय ने अपने नियमित भ्रमण के दौरान विभिन्न निर्माण व विकास कार्यो, जनसमस्याओं के निराकरण, सड़क, पानी, बिजली से जुड़ी शिकायतों व समस्याओ के समाधान आदि के संबंध में अधिकारियों को दिए गए दिशा निर्देशों के परिपालन की कार्यप्रगति की भी बिन्दुवार समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**अतिक्रमण पर हो प्रभावी कार्यवाही**— आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अतिक्रमण दस्ता प्रभारी व जोन कमिश्नरों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि निगम व शासकीय जमीनों, सड़क के किनारे फुटपाथों, चौक—चौराहों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर किए जाने वाले किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को दूर करने के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराएं तथा प्रशासन व पुलिस के सहयोग से अतिक्रमण हटाते हुए यह सुनिश्चित करें कि अतिक्रमण को किसी भी सूरत में बढ़ावा न मिले।

बैठक के दौरान निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, उपायुक्त द्वय बी. पी.त्रिवेदी व पवन वर्मा, जोन कमिश्नर एन.के.नाथ, अखिलेश शुक्ला, तपन तिवारी, विनोद शांडिल्य, प्रकाश चन्द्रा, , भूषण उरांव, राकेश मसीह, सुनील टांडे, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, सहायक राजस्व अधिकारी सुनील गुप्ता, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, पीयूष राजपूत, यशवंत जोगी, गोयल सिंह विमल, अश्वनी दास, सोमनाथ डेहरे, गुलिस्ता साहू, किरण साहू, अंजुला अनंत, संजय ठाकुर, शैलेन्द्र नामदेव, सतानंद द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।